<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 30.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गयी है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है, जहां सबसे ज्यादा टैक्सटाइल वेस्ट निकलता है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए देश में कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज बच्चों के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म की कमी नहीं, जहां वे काफी कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई स्कूल भाषण देने की कला अथवा नाटक करना सिखाते हैं, जो बच्चों के बहुत काम आते हैं। प्रधानमंत्री ने युवा श्रोताओं के लिए माई भारत नामक खास कैलेंडर की चर्चा की, जिसे इस वर्ष की गर्मियों की छुट्टी के लिए तैयार किया गया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के नागपुर में बिना अस्त्र वाले हवाई वाहनों के लिए हवाई पट्टी और युद्धक परीक्षण प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने 'सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड' के आयुध कारखाने का भी दौरा किया।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युगादि, गुड़ी पड़वा, नवरेह, चैत्र नवरात्र और बिहू के अवसर पर लोगों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि वसंत ऋतु के आगमन पर मनाए जाने वाले ये त्योहार भारतीय नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक हैं। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि ये पर्व न केवल नवीनता, समृद्धि और आशा के प्रतीक हैं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति से भी जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर सभी नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना की। इधर, राज्य के रामगढ़ जिले में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में चैती नवरात्र की शुरुआत हो गई है। यहां आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार दर्शन के लिए लगी हुई है। नवरात्रि में माता छिन्नमस्तिका का दर्शन और पूजन कर श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

*********************

हिन्दू नववर्ष के अवसर पर आज खूंटी जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने आम्रेश्वरधाम में पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी त्योहारों के आयोजन के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

*********************

आदिवासी छात्रों के लिए पहली अप्रैल को राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अपना 7वां स्थापना दिवस मनाएगी। कार्यक्रम में आदिवासी मामलों के केंदीय मंत्री जुआल ओरम मुख्य अतिथि होंगे।

*********************

हजारीबाग शहर में दस से अधिक हाथियों के झुंड में प्रवेश कर जाने से स्थानीय लोगों में दहशत है। हाथियों का यह समूह रांची–हजारीबाग मार्ग स्थित डेमोटांड़ के राइस रिसर्च सेंटर के क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। हालांकि, इसकी सूचना वन विभाग को दी गई है और विभाग के कर्मी हाथियों के झुंड को भगाने का प्रयास कर रहे हैं।

इधर, गुमला जिले के अल्बर्ट एक्का और रायडीह प्रखंड में जंगली हाथियों ने आज तीन स्थानीय लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई।

*********************

रांची से रामगढ़ जिले के औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित बिहार फाउंड्री प्लांट ने शून्य प्रदूषण के लिए चिमनी से धुएं को निकालना बंद कर दिया है। इस पावर प्लांट को शुरू करने के दौरान कुछ दिनों तक चिमनी से धुआं निकल रहा था, जिससे प्रदूषण फैलने की शिकायत आ रही थी। प्लांट के महाप्रबंधक राकेश गुप्ता ने बताया कि जल्द ही परिसर के आठ दशमलव छह सात एकड़ में 3861 पौधे लगाए जाएंगे। इससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण अधिक स्वच्छ बनेगा।

*********समाप्त***********